वर्ष- 02 अंक- 170
छपरा
13 मई मंगलवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

**आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर रहेगा जारी....**

## एयरस्ट्राइक पर एयरमार्शल बोले- भय बिनु होय ना प्रीत:सेना ने कहा- आतंकियों के खिलाफ लड़ाई को पाकिस्तानी सेना ने अपना बना लिया

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आर्मी से छ्वत्रह्र लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, नेवी से वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयरफोर्स से एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर पर 32 मिनट तक फिर जानकारी दी।

एयर मार्शल भारती ने कहा, भय बिनु होय ना प्रीत। हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ नहीं है। पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों का साथ दिया, तो हमने उसका जवाब दिया। नुकसान के लिए वही जिम्मेदार हैं।

इससे पहले रविवार शाम 6ः30 बजे इन्हीं अफसरों ने 1 घंटा 10 मिनट तक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई की शाम 5 बजे संघर्ष विराम हुआ था।

**सबसे पहले एयर मार्शल भारती बोले, कहा- पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का साथ दिया**




: कल हमने ऑपरेशन सिंदूर की जॉइंट ऑपरेशन की डिटेल ब्रीफिंग दी थी। हमने कहा था कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ नहीं है। पाकिस्तान सेना ने दखलंदाजी की, हमने उसका जवाब दिया।

हमारी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों के साथ थी, 7 मई को हमने सिर्फ आतंकवादियों पर हमला किया। पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों का साथ दिया और हमें जवाब देना पड़ा। उन्हें जो नुकसान हुआ उसके लिए पाकिस्तानी सेना जिम्मेदार है।

एयर मार्शल एके भारती ने बताया, पाकिस्तान की तरफ से किए गए हमले में चाइनीज ओरिजन की मिसाइल शामिल थीं, इनमें लॉन्ग रेंज रॉकेट थे, ह्वह्1 थे, चीनी ओरिजन के कुछ कॉप्टर्स और ड्रोन थे। इन्हें हमारे एयरडिफेंस सिस्टम ने मार गिराया।हमने सिविलियन और मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को मिनिमम रखी, जबकि पाकिस्तानी सेना लगातार हमले कर रही थी। आपको पता है कि एयर डिफेंस सिस्टम की हमारे पास वैरायटी है, लो लेवल फायरिंग, सरफेस टु एयर मिसाइल, लॉन्ग और शॉर्ट रेंज मिसाइल शामिल है। हम पर ड्रोन और ua1 से हमला किया गया है।पाकिस्तानी हमले के दौरान हमारे सभी सिस्टम एकसाथ एक्टिव हुए, मॉडर्न डेज वार फाइटिंग के लिहाज से ये अहम था। पुराने माने जा रहे एयर डिफेंस सिस्टम ने भी सही तरह से काम किया। आकाश सिस्टम से भी हमलों का जवाब दिया गया।

कल हमने कुछ टारगेट्स की डिटेल्स को आपके साथ शेयर किया था। हम जो तस्वीरें दिखा रहे हैं, वो बता रही हैं कि हमने दुश्मन ड्रोन, फाइटर एयरक्राफ्ट और मिसाइल गिराई। हमारी तरफ कम से कम नुकसान हुआ।

**इसके बाद लेफ्टिनेंट जनरल घई बोले, विराट और एशेज सीरिज का जिक्र कर डिफेंस सिस्टम को समझाया** :लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, आज मैं इस युद्द के अहम पहलू के बारे में बता रहा हूं। हमें एयर डिफेंस ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को समझने की आवश्यकता है। मैंने कल बताया था कि पिछले कुछ सालों में आतंक की गतिविधियों के कैरेक्टर में बदलाव आ रहा था।

### जम्मू-कश्मीर और इंटरनेशनल बॉर्डर पर पूरी तरह शांति

नईदिल्ली/ जम्मू/ श्रीनगर/ पठानकोट/ अंबाला/ अमृतसर/जैसलमेर भारत और पाकिस्तान के बीच 11 मई (शनिवार) को शाम 5 बजे से सीजफायर लागू हो चुका है। सेना ने सोमवार सुबह बताया कि बीती रात जम्मू-कश्मीर और इंटरनेशनल बॉर्डर पर पूरी तरह शांति रही। कोई भी घटना सामने नहीं आई। राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर के बॉर्डर से लगे इलाकों में हालात नॉर्मल हैं। बाजार खुलने लगे हैं और सामान्य गतिविधियां शुरू हो गई हैं। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान ने किसी एक समुदाय को नहीं, बल्कि मंदिरों, गुरुद्वारों और दरगाहों सभी को निशाना बनाया।

7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत से अब तक पाकिस्तानी गोलाबारी में 5 आर्मी और 2 क्चस्स्न के जवान शहीद हो चुके हैं, 60 घायल हैं। इसके अलावा 27 सिविलियंस की भी जान गई है।

## पीएम मोदी बोले- पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा

**यूक्लियर ब्लैकमेलिंग नहीं सहेंगे**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में पाकिस्तान को साफ शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्यूक्लियर ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। भारत की तीनों सेनाएं, हमारी एयरफोर्स, हमारी आर्मी और हमारी नेवी, हमारी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, भारत के अर्धसैनिक बल लगातार अलर्ट पर हैं।

उन्होंने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद, अब ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ भारत की नीति है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में एक नई लकीर खींच दी है, एक नया पैमाना, न्यू नॉर्मल तय कर दिया है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। हम अपने तरीके से अपनी शर्तों पर



जवाब देकर रहेंगे। हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंक की जड़ें निकलती हैं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, दुनिया ने पाकिस्तान का वो घिनौना सच फिर देखा है, जब मारे गए आतंकियों को विदाई देने, पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े।

पीएम मोदी ने इसे स्टेट स्पॉन्सर्ड टेररिज्म का बहुत बड़ा सबूत बताया और कहा कि हम भारत और अपने नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है और इस बार ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने रेगिस्तानों और पहाड़ों में अपनी क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही, न्यू एज वॉरफेयर में भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। इस ऑपरेशन के दौरान, हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिकता सिद्ध हुई।

### जयपुर में हाईवे पर पिकअप में 2075 किलो विस्फोटक मिला




**जयपुर,एजेंसी।** जयपुर-भरतपुर नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे खड़ी पिकअप में पुलिस को 2075 किलो विस्फोटक मिला। पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर लिया। पुलिस ने सीज विस्फोटक की जानकारी पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (PESO) को दे दी है। अब PESO की टीम सैंपल लेगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एएसआई जसवंत सिंह ने बस्सी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने रिपोर्ट में बताया- वह शुक्रवार रात गश्त पर थे। इस दौरान रात करीब 2.30 बजे हेड कॉन्स्टेबल श्यामलाल का कॉल आया। उसने बताया- मोहनपुरा पुलिया के पास दौसा से जयपुर की तरफ आगरा रोड पर पिकअप खड़ी है। इसमें कुछ कार्टन रखे हैं, जो संदिग्ध है। गाड़ी का ड्राइवर भी नहीं है। सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पिकअप की जांच की गई तो कार्टन पर ऑप्टिस्टार एक्सप्लोसिव लिखा हुआ था। नीचे सफेद कट्टों में अमोनियम नाइट्रेट लिखा हुआ था।

**सीजफायर पर विदेश सचिव की ट्रोलिंग, सोशल मीडिया लॉक किया**

### ओवैसी बोले- विक्रम मिसरी मेहनती और ईमानदार, फैसले के लिए उन्हें दोष न दें

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्ष विराम के बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी को लगातार सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। इस ट्रोलिंग को देखते हुए उन्होंने अपना X अकाउंट प्राइवेट कर दिया है। विक्रम मिसरी को लेकर हैदराबाद से AIMIM सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि विक्रम मिसरी हमारे देश के लिए बिना रुके-थके काम करने वाले ईमानदार डिप्लोमैट हैं।

ओवैसी ने यह भी कहा कि हमें यह याद रखना चाहिए कि हमारे सिविल सर्वेंट सरकार के अधीन काम करते हैं। शासन और राजनीतिक लीडरशिप की ओर से लिए गए फैसले के लिए मिसरी को दोषी नहीं ठहराना चाहिए।

एक दिन पहले ओवैसी ने कहा था कि युद्ध विराम हो या न हो, भारत को पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदारों का पीछा करना जारी रखना चाहिए। जब तक पाकिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ करता रहेगा, तब तक शांति नहीं हो



सकती। ओवैसी X पर एक पोस्ट में कहा था कि युद्ध विराम की घोषणा किसी विदेशी राष्ट्रपति के बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को करनी चाहिए थी। ओवैसी ने यह भी कहा कि क्या अमेरिका यह गारंटी देता है कि पाकिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवाद के लिए इस्तेमाल नहीं होने देगा।

## रायपुर में ट्रक-ट्रेलर की टक्कर, 13 की मौत

**टोल से बचने ड्राइवर ने दूसरा रास्ता पकड़ा; ट्रेलर से 3 फीट बाहर निकला था लोहा**

**रायपुर,एजेंसी।** रायपुर में रविवार देर रात मिनी ट्रक और ट्रेलर की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई। 14 लोग घायल हुए हैं। ट्रक में सवार ये सभी लोग छठी के कार्यक्रम से लौट रहे थे। ट्रक खरोरा के बाना गांव से आ रहा था। बंगोली में इसे रायपुर से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी।

ृतकों में 3 बच्चे और 10 महिलाएं शामिल हैं। सभी का अंतिम संस्कार आज उनके गांव में दोपहर को किया जाएगा। वहीं



बच्चों सहित 14 घायलों का इलाज मेकाहारा में जारी है, सभी खतरे से बाहर हैं।

बता दें कि ट्रेलर झारखंड पासिंग है। टोल नाके से बचने के चक्कर में ड्राइवर ने दूसरा रास्ता पकड़ा और हादसा हो गया। हादसा इतना दर्दनाक था कि कई महिलाओं और बच्चों के शरीर के टुकड़े हो गए। मिनी ट्रक में सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान ट्रेलर के साइड से करीब 3 फीट बाहर निकले लोहे (हैवी मशीन का हिस्सा) से टक्कर हो गई।

**छठी से लौट रहा था साहू परिवार** : रायपुर SSP डॉ. लाल उमेद सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक, चटोद गांव निवासी पुनीत राम साहू का परिवार और रिश्तेदार बाना गांव में छट्ठी कार्यक्रम से लौट रहे थे। यह सभी मिनी ट्रक में सवार थे। इस दौरान बंगोनी गांव के पास पहुंचे थे।

तभी सामने से आ रहे ट्रेलर के ऊपर लोड मशीनरी पार्ट के साइड से निकले लोहे से गाड़ी टकरा गई। हादसे के बाद मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर ट्रेलर के पीछे आ रही दूसरी ट्रक में जा भिड़ी।

### आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी नेता, सैन्य अफसर :भारतीय सेना ने नाम बताए; भाजपा का दावा- नवाज शरीफ की बेटी भी शामिल हुई

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए पाकिस्तानी आतंकियों के जनाजे में वहां की सेना के सीनियर अफसर और नेता भी शामिल हुए थे। रविवार को भारतीय सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई। शामिल होने वालों के नाम बताए और तस्वीर भी दिखाई। नेता ओर अफसर, लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर अब्दुल रऊफ के साथ जनाजे की नमाज पढ़ते दिख रहे हैं। इनमें लेफ्टिनेंट जनरल फैयाज हुसैन, मेजर जनरल राव इमरान सरताज, मेजर जनरल मोहम्मद फुरकान शब्बीर, पंजाब पुलिस के IG डॉक्टर उस्मान अनवर और सांसद मलिक अहमद शामिल हैं। भारतीय सैन्य अफसरों ने यह भी बताया कि पाकिस्तान के 11 आतंकी और सैन्य ठिकानों को बर्बाद किया गया है। सेना ने इन ठिकानों की सैटेलाइट इमेज जारी की। जिसमें अटैक से पहले और बाद की स्थिति दिखाई गई है। इधर, भाजपा ने दावा किया है कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज भी शामिल हुई। मरियम अभी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले 8 मई को विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भी आतंकियों के जनाजे की फोटो दिखाकर पाक अधिकारियों के इसमें शामिल होने की बात कही थी। ये सभी आतंकी 7 अप्रैल को एयर फोर्स की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई एयर स्ट्राइक में मारे गए थे।




## विराट का संन्यास, एक युग का अंत!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहले रोहित शर्मा। अब विराट कोहली। 5 दिन में क्रिकेट के दो दिग्गजों का टेस्ट से संन्यास। ये भारतीय क्रिकेट के एक युग का अंत है। अब मैदान पर सफेद जर्सी में रो-को नहीं दिखेंगे। दोनों ने और खासकर विराट कोहली ने अपने संन्यास से भारतीय क्रिकेट में एक बड़ी लकीर खींच दी है। ऐसे वक्त में संन्यास लिया जब लगभग हर किसी के



जुबां से यही निकल रहा है- इतनी भी क्या जल्दी थी। विराट कोहली 36 साल के हैं लेकिन उनकी फिटनेस, उनका एनर्जी लेवल, उनका जोश, उनकी फुर्ती, उनका जज्बा...सब कुछ ऐसा कि युवा से युवा क्रिकेटर भी शरमा जाए। टेस्ट की ही बात करें तो अभी उनमें काफी क्रिकेट बाकी थी। फिर भी विराट कोहली ने ऐसा किया जो भारत में बहुत ही दुर्लभ माना जाता है।

## पाकिस्तान हमले में चली गई जुड़वा भाई-बहन की जान

**घाटी में सदमे में परिवार, कह रहा-एक तो बच गया होता**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** पहलगाम हमले के बाद जब भारत ने आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत किया तो बौखलाया पाकिस्तान सीमा पार से गोलीबारी करने लगी। पाकिस्तान ने आम लगों को निशाना बनाना शुरू किया। पाकिस्तानी हमले में पुंछ शहर में रहने वाले दो जुड़वा भाई-बहन भी मारे गए। आज उनका पूरा परिवार सदमे में है।



जुड़वा भाई बहन जैन अली और उर्वा फातिमा की एक पाकिस्तानी बम ने जान ले ली। ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद जब पाकिस्तान ने फायरिंग शुरू की तो सीमा से सटे इलाके के लोगों की नींद उड़ गई। सुबह के 6 बजे ही जैन और उर्वा के मामा उन्हें घर से निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाने के लिए पहुंचे।

### पद्मश्री डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन की संदिग्ध परिस्थिति में मौत



**बेंगलुरु,एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस ने पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सुब्बन्ना अय्यप्पन की संदिग्ध परिस्थिति में मौत की जांच शुरू कर दी है। वह शनिवार को श्रीरंगपटना के निकट कावेरी नदी में मृत पाए गए थे। 70 वर्षीय अयप्पन कृषि और मत्स्य पालन वैज्ञानिक थे और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICMR) का नेतृत्व करने वाले पहले गैर-फसल वैज्ञानिक थे।

रविवार को कर्नाटक पुलिस ने बताया कि पुलिस को नदी में तैरते हुए एक शव के बारे में लोगों से सूचना मिलने के बाद उनका शव बरामद किया गया।

## खनन गतिविधियों के लिए यमुना नदी पर बनाया तटबंध,

**सुप्रीम कोर्ट ने सीईसी को दिए जांच के आदेश**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के कालेसर वाइल्डलाइफ सेंक्चुअरी के पास यमुना नदी पर बांध बनाकर अनियंत्रित खनन गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोपों की जांच के लिए केंद्रीय सशक्त समिति (CEC) को निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए ष्टश्वष्ट को इसकी जांच करनी चाहिए और अपनी रिपोर्ट पेश करनी चाहिए।यह याचिका अधिवक्ता गौरव कुमार बंसल



द्वारा दाखिल की गई थी, जिन्होंने दावा किया कि नदी के प्रवाह को हरियाणा से उत्तर प्रदेश की ओर मोड़ने के लिए बांध बनाया गया, ताकि अनियंत्रित खनन गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह निर्माण कालेसर वाइल्डलाइफ सेंक्चुअरी के पास किया गया है, जिससे पर्यावरण और वन्य जीवन को खतरा है।कोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता की ओर से हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार के वकीलों को आवेदन की प्रति उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे सकें।गौरतलब है कि CEC का गठन मई 2002 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर किया गया था, ताकि पर्यावरण संरक्षण, अतिक्रमण हटाने, कार्य योजना क्रियान्वयन और प्रतिपूरक वनीकरण जैसे मामलों की निगरानी की जा सके। मामले की अगली सुनवाई मई के अंतिम सप्ताह में होगी।

## भारतीयों की सुरक्षा के लिए मंडरा रहे हैं 10 सैटेलाइट

**इसरो चीफ बोले-आसमान में 24 घंटे रहती है निगरानी**

**इंफाल (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ वी. नारायणन ने कहा कि देश के नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए 10 उपग्रह लगातार 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। मणिपुर की राजधानी इम्फाल स्थित केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को रविवार को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत एक 'सजीव अंतरिक्ष शक्ति' बनता जा रहा है और वर्ष 2040 तक देश का पहला अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इसरो प्रमुख ने कहा, आज 34 देशों के 433



उपग्रह भारत से अंतरिक्ष में छोड़ गए हैं और उन्हें उनके कक्ष में स्थापित किया गया है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आज 10 उपग्रह देश के नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्देश्य से लगातार 24 घंटे कार्य कर रहे हैं।

## हत्या के मामले में पहलेजा पुलिस ने सैदपुर से दो लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** हत्या के मामले में महिला सहित दो आरोपी को पहलेजा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । उक्त बात के जनकारी देते हुए पहलेजा अपर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने रविवार के शाम बताया कि थाना क्षेत्र के खरिका बरबीगहवा गांव के 50 वर्षीय झूलन राय की ईलाज के दौरान शनिवार देर शाम घर पर मौत हो गई। 27 अप्रैल के दिन झूलन राय सैदपुर नौडीहा निवासी रामजी महतो के घर गया था। वहां रामजी अपने पिता विनदेशवरी महतो से झगड़ा कर रहा था। इसी बीच झूलन राय ने बीच-बचाव करने लगा इसी दौरान रामजी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। मारपीट में झूलन गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे सोनपुर के अनुमंडलीय अस्पताल ले गया जहां डॉक्टर ने उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया जब तबियत ठीक नहीं हुआ तो फिर प्राइवेट अस्पताल ले गया जहाँ पैसे इतना खर्च हुआ कि आर्थिक स्थिति दयनीय हो जाने के बाद झूलन राय के परिजन घर पर ले आया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घायल के परिजनों ने पहलेजा थाना में नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई थी। झूलन राय के मृत के घटना के बाद पुलिस ने आरोपी रामजी महतो और उसकी मां आशा देवी पति विनंदेश्वर महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। और मृतक के पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौप दिया गया था ।

## मशरक में 70 हजार रूपयों से भरा झोला अपाची सवार अपराधियों ने छीना, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महादेवा ब्रह्म स्थान के पास बाइक सवार सेवानिवृत्त शिक्षक से अपाची सवार बाइक सवार अपराधियों ने 70 हजार रुपए से भरा छोला छीननें का मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त शिक्षक मशरक के एकावना गांव निवासी पशुपति सिंह हैं जो स्टेशन रोड अवस्थित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया से घर पर आवश्यक कार्य के लिए खाते से 70 हजार रुपए निकाल झोले में रख बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर घर के लिए निकलें उसी दौरान बंगरा पेट्रोल पंप के पास पीछे से आए अपाची बाइक सवार अपराधियों ने झोला छीन लिया और फरार हो गए। झोले में 70 हजार नगदी, बैंक पासबुक समेत अन्य कागजात भी हैं। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। बाइक सवार सेवानिवृत्त शिक्षक के पुत्र संजय सिंह ने बताया कि बैंक से रूपये निकाल घर के लिए निकलें थें उसी दौरान पीछे से आए अपराधियों ने झोला छीन लिया।

## मशरक में संदिग्ध अवस्था में शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड -2 रामघाट गांव में सोमवार की सुबह एक वृद्ध प्राइवेट शिक्षक का शव संदिग्ध अवस्था में कमरें से पाया गया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस पदाधिकारी दारोगा सौरभ कुमार के द्वारा जांच-पड़ताल की जा रही है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा। मृतक की पहचान रामघाट गांव निवासी धर्मनाथ भगत का 60 वर्षीय पुत्र अश्विनी कुमार उर्फ मोहन भगत के रूप में हुई। परिजनों के द्वारा पुलिस को बताया गया कि शव मकान के कमरें में फंदे से लटका हुआ था। परिजनों ने बताया कि वे छोटे छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं उसी में सुबह पढ़ने के लिए आए बच्चों ने देखा कि वे फंदे से लटके हुए हैं। हालांकि छत से फर्श की उचाई 7 फीट के करीब है और मृतक का शव रबर से लटका पाया गया है जो आत्महत्या करने पर प्रश्नचिन्ह बन रहा है। घटना को लेकर टोले में अलग-अलग चर्चाओं का बाजार गर्म है। मृतक को चार पुत्र और दो पुत्री हैं।

## बनियापुर विधायक के पुत्र बनें युवा जेडीयू के प्रदेश उपाध्यक्ष

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के भतीजे और बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह के पुत्र रितुराज सिंह को जदयू ने युवा जदयू का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। रितुराज सिंह बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह के पुत्र हैं और उच्च न्यायालय पटना में अधिवक्ता हैं। वहीं बनियापुर विधानसभा क्षेत्र से पिता के राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं। बिहार प्रदेश युवा जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने रितुराज सिंह को मनोयन पत्र देते हुए कहा कि आपके अनुभव एवं पार्टी के प्रति आपकी निष्ठा को देखते हुए आपको जदयू युवा प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया जा रहा है। संगठन को मजबूत , धारदार और गतिशील बनानें में आपकी भूमिका अपेक्षित है। वहीं बधाई देने वालों में मशरक प्रखंड जदयू अध्यक्ष रामाधार सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि पार्टी रितुराज सिंह के नेतृत्व में और मजबूत होंगी।



# शहीद बीएसएफ सब इंस्पेक्टर मो. इम्तियाज को लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**दैनिक खोज खबर/छपरा/गड़खा।** जम्मू के आर एस पुरा सेक्टर में सीमा चौकी पर क्रॉस फायरिंग में शहीद हुए मो. इम्तियाज का पार्थिव शरीर सोमवार को पैतृक गांव लाया गया। गड़खा थाना क्षेत्र के जलालबसंत पंचायत के नारायणपुर गांव में पार्थिव शरीर पहुंचते ही अन्तिम दर्शन के लिए लोगो का सैलाब उमड़ पड़ा। पटना से गड़खा पार्थिव शरीर के आने के क्रम में कई जगह पर लोगों ने श्रद्धांजलि दी। लोगों के हाथों में तिरंगा लहरा रहा था।लोग लगातार 'हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय' के नारे भी लगा रहे थे।विदित हो कि, शहीद जवान भारत-पाक सीमा पर जम्मू के आरएस पुरा सीमा पर सब इंस्पेक्टर पद पर तैनात थे। जंग में शहीद हुए इम्तियाज अपने साथियों के साथ पूरी मुस्तैदी के साथ भारत की रक्षा करते हुए सीमा पर दुश्मनों को जवाब दे रहे थे। लेकिन, दुश्मन की ओर से किए गए हमले में शहीद हो गए।







**बेटे इमरान ने कहा- 'पिता के शहादत पर गर्व है'-** शहीद मो. इम्तियाज के बेटे मो. इमरान ने अपने पिता की शहादत पर कहा कि उन्हें अपने पिता की शहादत पर गर्व है।इमरान ने कहा कि, पाकिस्तान द्वारा धोखाधड़ी कर भारत के जवानों को मार दिया जा रहा है। जिससे कोई पत्नी अपने सुहाग खो रही है तो कोई पुत्र अपने पिता को खो रहा है। इमरान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब मिलनी चाहिए ताकि शहीदों की शहादत बेकार न जाए।

**शहादत को बताया राष्ट्र का गर्व, जताई संवेदना -** शहीद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज का पार्थिव शरीर सारण जिले के गड़खा प्रखंड के जलाल बसंत पंचायत के नारायणपुर स्थित पैतृक गांव पहुंचने पर सोमवार को अंतिम विदाई दी गई। बिहार सरकार के मंत्री कृष्ण कुमार सिंह मंटू, पूर्व मंत्री व भाजपा के वरीय नेता डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह, स्थानीय विधायक सुरेंद्र राम, जदयू नेता प्रियदर्शी चौरसीया, वैधनाथ सिंह विकल, सांसद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राकेश सिंह, राहुल पासवान, संजय सिंह,संतोष सिंह,दीपु सिंह, मनोज पटेल, सुभाष राम, भाजपा नेता नजरे ईमाम, स्थानीय मुखिया गुलाम गौस, मो. असलम,मो मुस्तफा, मुमनान मिंया समेत सैकड़ो गणमान्य नागरिक उनके पैतृक गांव पहुंचकर पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### शहीद मो. इम्तियाज के परिजनों से आज मिलेंगे सीएम नीतीश कुमार, देंगे 21 लाख की सहायता राशि

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को छपरा दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मो. इम्तियाज के परिजनों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री शहीद के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 21 लाख रुपये की अनुग्रह राशि सौंपेंगे।मुख्यमंत्री के छपरा आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर तैयारी तेज कर दी है। अधिकारियों की टीम उनके दौरे से पहले मौके का निरीक्षण कर रही है।

## नदी में नहा रहे एक युवक की डूबने से मौत



**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** सोमवार की सुबह अपने दर्जन भर दोस्तों के साथ मांझी के रामघाट पर सरयु नदी में नहा रहे एक युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। युवक के डूबने की खबर पाकर आसपास के सैकड़ों लोग रामघाट पर जमा हो गए। मृतक मांझी नगर पंचायत क्षेत्र के चैनपुर गाँव निवासी एवम पेंटर का काम करने वाले मजदूर भोला यादव का पुत्र शैलेन्द्र कुमार यादव उम्र 18 वर्ष बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार दर्जन भर अपने दोस्तों के साथ सोमवार की सुबह सरयु में नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में बहकर चला गया तथा डूब गया। बाद में युवकों का शोर सुनकर मौके पर पहुँचे स्थानीय बोट चालक प्रदीप यादव समेत अन्य युवकों ने लगभग आधे घण्टे के बाद उसे गहरे पानी से बाहर निकाल लिया तथा उसे लेकर पहले माँझी सीएचसी तथा फिर छपरा सदर अस्पताल गए जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पाकर अस्पताल परिसर में मौजूद दर्जनों परिजन व ग्रामीण दहाड़ मारकर रोने लगे जिससे वहाँ का माहौल गमगीन हो गया तथा अफरातफरी का माहौल उतपन्न हो गया। सूचना पाकर पहुंची मांझी थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने तीन भाई व दो बहनों में सबसे बड़ा था तथा पिछले कुछ दिनों से बाहर रहकर प्राइबेट नौकरी करता था। परिजनों ने बताया कि इधर कुछ दिनों से वह घर पर ही रहकर होमगार्ड के बहाली की तैयारी कर रहा था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने माँझी श्मसान घाट पर उसका दाह संस्कार कर दिया। उधर रामघाट पर रेलपुल की सुरक्षा के उद्देश्य से की जा रही बोल्डर पीचिंग के कारण घाट तक पहुंचना काफी दुष्कर हो गया है। तथा रोज ब रोज लोगों के डूबने की घटनाएँ सामने आ रही हैं। स्थानीय बोट चालक प्रदीप यादव ने बताया कि पिछले छह महीने के भीतर रामघाट पर नहाते समय डूब रहे 56 लोगों को वह अपनी जान जोखिम में डालकर जीवनदान दे चुका है। उसने बताया कि घाट की भयावह व खतरनाक स्थिति को देखते हुए प्रशासन द्वारा यहाँ लोगों के नहाने पर अविलम्ब प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

## गोवा की सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय लोकगीत-नृत्य और संगीत

विवेकानन्द सिंह।

दैनिक खोज खबर/बलिया (उप्र)।यदि आप सपत्नीक, सपरिवार या फिर मित्रमण्डली के साथ गोवा जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो आपने वहाँ के रमणीक समुद्रतटों की; वहाँ के दर्शनीय स्थलों, चर्चों, मन्दिरों, कैसिनो, बार, बाज़ार या डांस क्लबों के साथ ही समुद्र किनारे होनेवाले खेल, स्थानीय भोजन आदि की सूची बना ली होगी; इसके साथ ही आपने उन तमाम मनोरंजक योजनाओं को अमली जामा पहना लिया होगा, जो आपकी छुट्टियों को आनन्दमयी बनाने में कारगर सिद्ध होंगी।लेकिन यदि आपने गोवा पहुँचकर वहाँ के पारम्परिक लोकगीत, सुमधुर लोकसंगीत और स्थानीय जुनूनी लोकनृत्य का आनन्द नहीं लिया, तो फिर आपका गोवा जाना सर्वथा व्यर्थ हो जाएगा; क्योंकि गीत, संगीत और नृत्य गोवा के लोगों की जीवन-रेखा है। कहा जाता है कि गोवा का हर त्यौहार गीत, संगीत और नृत्य के बिना अधूरा ही नहीं, बल्कि एकदम बेकार है।

ज्ञातव्य है कि गोवा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पूर्वी और पश्चिमी संस्कृतियों का एक मिश्रण है। यहाँ के स्थानीय बैंड पश्चिमी संगीत शैलियों के उपयोग के लिए जाने जाते हैं और सार्वजनिक कॉन्सर्ट के अलावा निजी समारोहों में अत्यन्त लोकप्रिय हैं। गोवा में हर साल इलेक्ट्रॉनिक संगीत समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें विभिन्न देशों के लोग आते हैं।



जिप्सी गिग्स, पणजी (गोवा), जो पूरे गोवा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है, की संस्थापिका, श्रीमती नुपुरा हौतामाकी, जिन्होंने गोवा में अपनी जड़ों की ओर लौटने से पहले अनगिनत देशों में मार्केटिंग, क्लाइण्ट सर्विसिंग, संचार और इवेन्ट मैनेजमेन्ट के क्षेत्र में 20 से अधिक वर्षों तक कार्य किया है, ने एक टेलीफोनिक इण्टरव्यू में बताया कि जिप्सी गिग्स का उद्देश्य गोवा में स्थानीय गायकों/गीतकारों को मंच प्रदान करना, दर्शक उपलब्ध कराना और टिकट बिक्री के माध्यम से उनके लिए आय उत्पन्न करना है। हम महीने में एक बार या दो बार घरों, छतों, उद्यानों, संग्रहालयों या छोटे कैफ़े आदि जैसी ऑफ़बीट जगहों पर संगीत कार्यक्रम का आयोजन करते हैं, जिसमें कलाकार, अकेले या अपने सहयोगियों के साथ 50 या 80 श्रोताओं के बीच, अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। जिससे उनकी ख्याति बढ़ जाती है और फिर वह कलाकार स्थापित हो जाता है।

अब सवाल उठता है कि आख़िर स्थानीय संगीत का आनंद मिलेगा कहाँ?, तो आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि आप जिस किसी होटल, बार या समुद्रतट के रेस्त्रां में जाएंगे, वहाँ आपको लाइव संगीत सुनने की सुविधा मिल जाएगी, लेकिन ध्यान रहे रात के दस बजे तक ही, क्योंकि ऐसा सरकारी आदेश है। तो आइए ! कुछ ऐसे स्थानों के बारे में जानते हैं, जहाँ लाइव संगीत की सुविधा उपलब्ध है - कोहिबा, कैंडोलिम, साल्टामोंटेस - गार्डन कैफे और बार, अंजुना, सियारन - कैनाकोना, चावल मिल - मोरजिम, पनाहगाह - वागाटोर, मस्टर्ड कैफे - अस्सागाओ, अंकल टिम का सोल फ़ूड - पोरवोरिम, दक्षिणी डेक - बेनौलिम, ला सेले रेस्तरां बार और कैफे - मडगांव, कार्लिटोज़ बाय द सी - वेरेम, आल्स किचन - वागाटोर, कैंटारे - सालिगाओ, कैवला सीसाइड रिज़ॉर्ट - बागा, डाउन द रोड - पणजी, हाउस ऑफ चपोरा - चपोरा, पेटिस्को, पणजी आदि स्थानों पर आपको ग्रैमी विजेता संगीतकारों से लेकर स्वतंत्र गीतकार और गायक, जैज़ बैंड, एकल कलाकार से लेकर इलेक्ट्रो और हिप-हॉप, एकल या युगल कलाकारों को सुना जा सकता है।

## अन्तराष्ट्रीय नर्सिंग डे: नर्सिंग छात्राओं ने सेवा और कर्तव्य को बताया पहली प्राथमिकता



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर मढ़ौरा के सरकारी नर्सिंग स्कूल में एक कार्यक्रम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीमार, अस्वस्थ रोगी को स्वस्थ करने में नर्सिंग की भूमिका की चर्चा की गई। इस अवसर पर ट्रेनी छात्राओं को नर्सिंग के कर्तव्य को सामने रखते हुए उनकी भूमिका की जानकारी दी गई।कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की प्राचार्या शैल्वी, शिक्षक शकीलूर रहमान, दिव्या सिंहा, सुमन कुमारी ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्राचार्या शैल्वी ने बताया कि एक व्यक्ति को ठीक करने में नर्स की भूमिका अहम होती हैं। इसी अहमियत को लेकर 12 मई को इंटरनेशनल नर्सेस डे मनाया जाता है। यह दिन नर्सेस के योगदान को याद करने और उनके प्रति सम्मान प्रकट करने का दिन है। प्राचार्या ने कहा कि नर्सिंग एक चुनौतीपूर्ण कार्य है जिसमे मरीज के साथ साथ उनके परिजन का केयर जरूरी होता है। ताकी मरीज को ठीक करने के साथ उनके परिजन को मानसिक मजबूती प्राप्त हो सके। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया और सामूहिक रूप से केक काटकर अपनी खुशियां बांटी। इस दौरान सिनियर और जूनियर बैच की छात्राएं उपस्थित थी।

## भगवान बुद्ध के जीवन, उपदेश व सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा जरूरी – स्वामी अतिदेवानंद जी महाराज

### बुद्ध जयंती समारोह में डॉ. अंजली सिंह ने बच्चों को दिए नैतिक मूल्यों के संदेश

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** शहर स्थित आइडियल स्कॉलर्स पब्लिक स्कूल परिसर में सोमवार को बुद्ध जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव स्वामी अतिदेवानंद जी महाराज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध के जीवन, उनके उपदेशों तथा अहिंसा, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने के लिए समाज को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास में सहायक होते हैं।समारोह की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की सचिव डॉ. अंजली सिंह ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन हमें शांति, करुणा और आत्म-अनुशासन का संदेश देता है, जो आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने बच्चों को सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों भार्गव राज, अर्पिता कुमारी, अर्णव कुमार, साक्षी कुमारी, अयनांश राज, सन्नी तिवारी, विराट तिवारी एवं प्रतीक राज ने भगवान बुद्ध के जीवन पर आधारित मनमोहक झांकी प्रस्तुत की।कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षक सोनू कुमार, आकाश श्रीवास्तव, युवराज सिंह, आश्वस्ति श्रीवास्तव, ब्यूटी कुमारी, प्रियल कुमारी, खुशी कुमारी, दृष्टि कुमारी, मुन्नी देवी, गुड़िया देवी और कविता देवी आदि का सराहनीय योगदान रहा।समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में अवकाश प्राप्त क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक बृजेंद्र कुमार सिंहा, कॉलेज ऑफ कॉमर्स पटना के डॉ. वाल्मीकि कुमार, जेपीयू के डॉ. धनंजय कुमार आजाद, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. गुंजन रानी, डॉ. राज कुमार सिंह, विद्यालय के संस्थापक बंटी सिंह, प्राचार्या सोनी सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।




## संजय बने खेलो इंडिया यूथ गेम एथलेटिक्स में तकनीकी पदाधिकारी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कंकड़बाग में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 एथलेटिक में सारण मशरक के राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक में कार्यरत शारीरिक शिक्षा शिक्षक संजय कुमार सिंह तकनीकी पदाधिकारी बनाए गए है। 12 से 14 मई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेने सारण से संजय कुमार सिंह के अलावे कृष्णमोहन सिंह बनियापुर, एवम राजेश कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जलालपुर भी तकनीकी पदाधिकारी है। जिनकी प्रतिनियुक्ति बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रन शंकरण द्वारा किया गया है। एथलेटिक्स के तीनों राष्ट्रीय तकनीकी पदाधिकारियों ने 10 मई शनिवार को आयोजन स्थल पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में टेक्निकल मैनेजर को रिपोर्ट किए ।



# बुद्ध पूर्णिमा के पर श्रद्धालुओं ने पहलेजाघाट, गंगा व नरायणी नदियों में लगाई आस्था की डुबकी

## भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को सत्य,अहिंसा, शांति और परस्पर प्रेम का दिव्य संदेश दिया था

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र क़े पावन भूमि पर अवस्थित सोनपुर के पहलेजा स्थित दक्षिणायिनी गंगा नदी व नरायणी नदी सहित अन्य नदियों व घरो में बैशाख मास क़े बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालगण स्नान के लिए पहुंचे। उसके बाद बाबा हरिहरनाथ, गौड़ी शंकर मंदिर भरपुरा सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं ने पहुँच कर पुजा अर्चना कर गरीबो क़े बीच दान पुण्य व मंदिरो में पुजा पाठ हवन किया। ऐसी मान्यता है कि बुद्ध पूर्णिमा क़े दिन गंगा स्नान करने, देवलयों में पूजा अर्चना करने व दान दक्षिणा करने से असीम पुण्य का लाभ मिलता है। लोक सेवा आश्रम क़े संत विष्णु दास उदासीन उर्फ़ मौनी बाबा ने सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा क़े महत्व को बताते हुए कहा कि ऐसी मन्यता है कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने धरती पर बुद्ध रूप मे अवतार लिया था। गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी, जो वर्तमान में नेपाल में स्थित है, में हुआ था। भगवान बुद्ध ने सात वर्षो तक कठिन तपस्या कर ज्ञान प्राप्त कर समाज को नयी दिशा प्रदान की थी। भगवान बुद्ध से ज्ञान को प्राप्त करने की कामना के लिये आज क़े दिन भगवान बुद्ध की आराधना की जाती है। महामानव महात्मा बुद्ध का जीवन एक दर्शन है। महात्मा बुद्ध ने बौद्ध गया में एक पीपल क़े पेड़



(बोधि वृक्ष) के नीचे ज्ञान की प्राप्ति की थी और यही दिन उनका महापरिनिर्वाण (मोक्ष) का भी माना जाता है।

सनातन धर्म के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने और भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी का जलाभिषेक करने से परिवार में सुख, समृद्धि और वैभव आता है। भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को सत्य,अहिंसा, शांति और परस्पर प्रेम का दिव्य संदेश दिया।

# महिला जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई 'महिला संवाद' पहल जिले में उल्लेखनीय सफलता की ओर बढ़ रही है। सोमवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 36 स्थानों पर दो पालियों में आयोजित हुए संवाद कार्यक्रम में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अभियान के 24वें दिन तक कुल 881 ग्राम संगठनों से लगभग 2 लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं और युवतियां इसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी कर चुकी हैं।कार्यक्रम के दौरान अब तक 22,648 आकांक्षाओं का संकलन किया गया है, जो महिला समाज की विविध जरूरतों और अपेक्षाओं को दर्शाता है। यह पहल न केवल सामाजिक संवाद का मंच बनकर उभरी है, बल्कि महिलाओं को स्थानीय शासन, योजनाओं और विकास प्रक्रियाओं में भागीदारी का प्रभावी अवसर भी प्रदान कर रही है।बिहार की महिलाएं आज पारंपरिक घरेलू जिम्मेदारियों से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता, सुरक्षा और राजनीति जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। इस परिवर्तन में राज्य सरकार की योजनाओं–जैसे जीविका समूह, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, अक्षर आँचल योजना, अनुसूचित जाति-जनजाति सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, सबला कार्यक्रम आदि की प्रमुख भूमिका रही है। महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने न केवल अपनी सफलताओं और जीवन में आए बदलावों को साझा किया, बल्कि गांवों के समग्र विकास के लिए ठोस सुझाव भी दिए। सड़क और नाली निर्माण, सामुदायिक शौचालय, विधवा पेंशन बढ़ाने,दिव्यांगता भत्ता बढ़ाने , उचित मूल्य की दुकानें जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा की गई।

## भोजपुरी के धरोहर तैयब हुसैन पीड़ित को दी गयी श्रद्धांजलि



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बच्चू पाण्डेय कला विथी के तत्वावधान में सोमवार को भोजपुरी साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकार, समीक्षक, कवि व कहानीकार तैयब हुसैन पीड़ित के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया. ज्योतिष पाण्डेय के नेतृत्व में सारण के साहित्यकारों, कवियों, चिंतको, अधिवक्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने शिरकत किया. उपस्थित व्यक्तिओं में शम्भू कमलाकर मिश्र, दक्ष निरंजन शम्भू, रिपुंजय निशांत, चंद्रभूषण वर्मा, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, गंगोत्री प्रसाद, शिशिर कुमार, शकील अनवर, कृष्ण मेनन एवं ज्योतिष पाण्डेय ने अपना उदगार व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी. वक्ताओं ने कहा कि उनकी प्रथम भोजपुरी कहानी संग्रह बीछ्उतीया का प्रकाशन लगभग 50 वर्ष पूर्व हुआ था. जिसे साहित्य जगत में काफी सराहा गया. उन्होंने भिखारी ठाकुर पर शोध कर भोजपुरी के इस अप्रतिम नाटककार-कवि की तरफ अकादमिक जगत का ध्यान आकर्षित किया था. आज भोजपुरी साहित्य के क्षेत्र में भिखारी ठाकुर अपरचित नहीं हैं. तो इसमें तैयब हुसैन की भूमिका को अस्वीकार नहीं किया जा सकता. उन्हें खो कर सारण जिला ने अपना एक अमूल्य निधि खो दिया है. जिसकी भरपाई नहीं हो सकती. ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की क्षमता प्रदान करें.

# चिरान्द विकास परिषद की बैठक ,11जून को होगी गंगामहाआरती

## बैठक मे समितियों का हुआ गठन, एक हजार वृक्ष लगाने का लिया गया निर्णय



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** चिरान्द विकास परिषद व गंगासमग्र की संयुक्त बैठक सोमवार को श्रीराम तिवारी के आवासीय परिसर में परिषद के संस्थापक सदस्य रघुनाथ सिंह सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक में सभी सदस्य ने परिषद की गतिविधियों के लिए सर्वसम्मति से पांच प्रकल्पों का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई ,जिसके तहत सम्पर्क प्रमुख के संयोजक बिपिन बिहारी रमन,चंदन भक्त, जयदिनेशपाण्डेय, हरीमोहन जी को आरती प्रमुख तालाब प्रमुख जी विजय, वृक्षारोपणसंयोजक मुकेश सिंह व शुशील कुमार पांडेय, गंगा वाहीनी के संयोजक मुकेश कुमार सिं व अमृत सागर को दी गई। बैठक में परिषद के सचिव श्रीराम तिवारी ने कहा कि चिरान्द विकास परिषद पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र मे कार्य कर रही है जिसके तहत गुरू पुर्णिमा से रक्षाबंधन तक परिषद द्वारा एक हजार वृक्ष लगाए ।उनहोने कहा कि हमारे जीवन में वृक्ष का इतना महत्व है कि वृक्ष के बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। जीवन शक्ति प्रदान करने वाली ऑक्सीजन हमें वृक्षों से ही प्राप्त होती है। यदि ऑक्सीजन ना हो तो सभी जीव घुट घुट कर मर जाएंगे। प्रकृति पर नियंत्रण और जीवन शक्ति को बनाए रखने के लिए वृक्ष का लगाना आवश्यक हो गया है। उपस्थित सदस्यों मे ,रघुनाथ सिंह,तारकेश्वर सिंह,श्रीकांत पाण्डेय, राश्वेर सिंह, जय दिनेश पांडे, मुकेशसिंह, , हरिमोहन कुमार,कुमार आनंद, अर्जुन कुमार, चंदन कुमार सुशील कुमार पांडे, विपिन बिहारी रमन, मुकेश कुमार सिंह,विजय राय, जी विजय रुपेश पाण्डेय, सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## बाराती व घराती के बीच जमकर मारपीट

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** रविवार की रात बलिया जनपद के वाजितपुर से माँझी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गाँव में आई बारात में भोज खाने को लेकर उठे विवाद के बाद बाराती व घराती के बीच जमकर मारपीट हो गई जिसमें एक दर्जन से अधिक बाराती जख्मी हो गए जिनका इलाज आसपास के निजी अस्पतालों में कराया गया। मारपीट के कुछ ही देर बाद गाँव के कुछ प्रबुद्ध जनों के बीच बचाव से मामला शान्त हो गया और शादी की रस्म पूरी कर ली गई। उधर सुबह बारात की विदाई के बाद ताजपुर से आगे बारातियों के सलेमपुर के समीप पहुँचते ही कथित रूप से घरातियों ने बारातियों को घेर लिया तथा दूल्हा समेत उसके परिजनों की पिटाई कर दी। इसी दौरान बीच सड़क पर हो रही मारपीट की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुँचीं पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर किसी तरह मामला शान्त कराया और दूल्हा दुल्हन को पुलिस की निगरानी में जयप्रभा सेतु तक पहुँचाया। मिली जानकारी के अनुसार मुबारकपुर निवासी राज कुमार बीन की पुत्री की शादी के लिए बलिया के वाजितपुर निवासी दसई बीन की बारात आई थी तभी भोज खाने खिलाने को लेकर मारपीट हो गई।

# दृष्टि बदलिए, सृष्टि बदलेगीः प्रदेश सचिव रामलाल सिंह




**दैनिक खोज खबर/ महाराजगंज/ सिवान।** लोक शिक्षा समिति बिहार द्वारा आयोजित सिवान विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक के समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव ŸरामलालŸसिंह ने कहा कि सभी प्रधानाचार्यों को ÷नींद और निंदा÷ से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य केवल बैठकों में निर्धारित करने से कुछ नहीं होगा, उसे विद्यालय स्तर पर पूरी गंभीरता से लागू भी करना होगा। श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा, ÷जैसी हमारी दृष्टि होगी, वैसी ही हमारी सृष्टि होगी।÷

उन्होंने प्रधानाचार्यों से आग्रह किया कि वे अपने विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और शिक्षकों को प्रेरित करें कि वे छात्रों के सर्वांगीण विकास में योगदान दें। बैठक का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना, विद्यालयों में अनुशासन कायम रखना तथा छात्रों को नैतिक मूल्यों की शिक्षा देना था। इस अवसर पर कई छपरा, सिवान व गोपालगंज जिलों के सभी विद्या भारती विद्यालयों के प्रधानाचार्य बन्धु भगिनी उपस्थित थे। प्रदेश सचिव श्री सिंह ने कहा कि हमारे पंच प्राण - भैया/बहनें, आचार्य, प्रधानाचार्य, समिति और समाज - शिक्षा व्यवस्था की मजबूत नींव हैं। उन्होंने कहा कि विद्या भारती ऐसी शिक्षा प्रणाली पर कार्य कर रही है जो छात्रों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि जीवन के उद्देश्य, देशभक्ति, समाज कल्याण और सेवा भाव के लिए तैयार करती है। ऐसे छात्र-छात्राएं जीवन के मूल उद्देश्यों को समझते हुए जन्म-मरण से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं।बताते चलें कि महाराजगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित एक दिवसीय विभाग स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक का उद्घाटन विद्या भारती बिहार के कार्यकारिणी सदस्य डॉ शरद चौधरी ने किया था । इस मौके पर विद्या भारती सिवान विभाग का वार्षिक कार्ययोजना का भी लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सारण विभाग कार्यवाह श्री प्रभात रंजन,विद्या भारती सिवान विभाग के संयोजक प्रो रवीन्द्र पाठक, विभाग निरीक्षक श्री राजेश कुमार रंजन,संत श्री श्री 108 श्री बद्री बाबा,ओमप्रकाश दूबे, सुरेश प्रसाद सिंह, कौशलेंद्र प्रताप, शिवेंद्र विनोद कुशवाहा भी उपस्थित रहें। बैठक के अंत में सरस्वती विद्या मंदिर, महाराजगंज के प्रधानाचार्य डॉ कुमार विजय रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## राजमहल के पर्यटन स्थलों पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश

**राजमहल।** संताल परगना प्रक्षेत्र के डीआइजी सुदर्शन मंडल ने राजमहल के पर्यटन स्थलों पर सख्त सुरक्षा व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। कहा कि यहां काफी लोग नववर्ष पर घुमने आते हैं। उनके साथ किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। डीआइजी बुधवार को राजमहल एसडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान डीआइजी ने विभिन्न अभिलेखों की जांच की तथा यहां दर्ज मामलों के बारे में जानकारी ली। डीआइजी ने कहा कि राजमहल काफी पुराना अनुमंडल है। यहां ऐतिहासिक धरोहरों को धीरे-धीरे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। ऐसे में पर्यटकों की सुरक्षा पुलिस के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि पुलिस ऐसे किसी भी पर्यटक स्थल जहां प्रतिदिन पर्यटकों का आवागमन हो रहा है, वहां लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात रहेगी। पुलिस गश्ती दल भी उक्त क्षेत्रों में लगातार गश्त करती रहेगी। उन्होंने कहा कि ढह रहे ब्रिटिश काल के फांसी घर के जीर्णोद्धार के लिए पहल की जाएगी। डीआइजी ने बताया कि लगभग दस वर्षों से एसडीपीओ कार्यालय के अभिलेखों का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया था। ऐसे में रूटीन वर्क के तहत वे राजमहल पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षात्मक दृष्टिकोण में पुलिस किसी भी प्रकार की कोताही नही बरतेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच अन्योन्याश्रय संबंध हो इस बात का दिशा-निर्देश संबंधित सभी थानों को दिया जा चुका है। फरियादी या पीड़ित के साथ पुलिस हमेशा मानवीय रूख अपनाएगी। मौके पर एसडीपीओ अरविद कुमार सिंह, राजमहल थाना प्रभारी प्रणीत पटेल, तीनपहाड़ थानाप्रभारी रामानुज वर्मा आदि मौजूद थे।

# अनियंत्रित वाहन ने बारात जा रहे बाइक चालक को रौंदा,दो की दर्दनाक मौत

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर रेवा पुल के समीप रविवार की रात एक ही बाइक पर सवार होकर बारात जा रहे दो युवकों को अनियंत्रित वाहन ने रौंद दिया जिससे दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।मृतकों में भेल्दी थाने के जाफरपुर गांव निवासी सुरेंद्र सिंह का पुत्र अमित कुमार सिंह(20) व आनंदी सिंह का पुत्र सुबास कुमार सिंह(20) शामिल है।

मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के जाफरपुर गांव के दोनों युवक अमित कुमार सिंह व सुबास कुमार सिंह एक ही बाइक पर सवार होकर मकेर थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव में शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे।रास्ता भटकने के बाद दोनों बाइक को लेकर रेवा पुल से आगे बढ़ने लगे तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।राहगीरों ने दोनों को लहुलुहान अवस्था में बाइक के नीचे दबने की सूचना पुलिस को दी।सरैया थाने की पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल में भेज दिया।अमित कुमार सिंह व सुबास कुमार सिंह के मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।अमित की मां पुष्पा देवी अपने पुत्र का शव देखते ही मूर्छित होकर गिर पड़ी।वह जब भी होश में आती अपने बेटे के शव से लिपटकर रोने लगती।भाई जितेंद्र कुमार सिंह,धनंजय सिंह व सुमित कुमार सिंह



दहाड़ मारकर रो रहे थे।वहीं मृतक सुबास कुमार सिंह के घर भी कोहराम मचा हुआ था।सुबास की मां पार्वती देवी पुत्र की मौत के गम में छाती पीट-पीटकर रो रही थी।भाई उमेश कुमार सिंह बहन रूबी,रूपा व प्रियंका कुमारी के आंखों से आंसू सूखने का नाम नहीं ले रहा था।पिता आनंदी सिंह बेसूध पड़े थे।कटसा पंचायत के मुखिया गौतम कुमार साह,पैक्स अध्यक्ष संतोष कुमार राय,बीडीसी प्रतिनिधि पिण्टु राय,हाला सिंह ने मृतक के परिजनों को ढाढस बढाते हुए सांत्वना दिया।बाइक सवार अमित कुमार सिंह व सुबास कुमार सिंह अगर रास्ता नहीं भटकते तो दोनों की मौत नहीं होती? मकेर थाने के हसनपुरा गांव में शादी समारोह में शामिल होने के लिए जाना था मगर एनएच 722 के सहारे रेवा पुल से आगे बढ़ने लगे जहां अनियंत्रित वाहन ने दोनों को रौंद दिया।बाइक सवार को रौंदने के बाद चालक फरार हो गया।

### दो युवकों की मौत से जाफरपुर गांव में पसरा मातमी सन्नाटा :

अमित व सुबास की दर्दनाक मौत के बाद भेल्दी थाने के कटसा पंचायत के जाफरपुर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।छोटे-छोटे बच्चों की चीख-पुकार पत्थर को भी पिघला देने से कम था।मृत दोनों युवक गुजरात के वीसनभर में एक ही फैक्ट्री में काम करते थे।गांव वाले यही कह रहे थे भगवान यह क्या कर बैठे कि गए थे शादी समारोह में अपनी रास्ता भटक अपनी जान गवां बैठे!

### मृत सुबास एक माह पहले से अपने भाई के शादी में आया था घरः

मृत सुबास कुमार सिंह अपने बड़े भाई उमेश कुमार सिंह की शादी में शामिल होने के लिए अप्रैल महीने में गुजरात से घर आया था और उस समय से अपने घर पर ही रह रहा था।सुबास 11 मई को अपने गांव के नारायण सिंह के पुत्र के शादी समारोह में मकेर के हसनपुरा गांव में अपने साथी अमित कुमार सिंह के साथ बाइक से जा रहा था जो सड़क हादसे में मौत हो गई।

### सरैया थाने में मृतक अमित के भाई ने दर्ज कराई प्राथमिकी :

मृत अमित कुमार सिंह के बड़े भाई जितेंद्र कुमार सिंह ने सरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें तेज रफ्तार वाहन से धक्का मारने की बात कही गई है।

## पिस्टल के साथ बदमाश गिरफ्तार

**आंदर (सिवान)** – दरौली थाना क्षेत्र के भिटौली गांव में रविवार की रात प्रभारी थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने पुलिस बल के सहयोग से एक बदमाश को पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर भटौली गांव निवासी मनीष कुमार कोहार को एक पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बदमाश आठ मई की रात गंगपलिया गांव में एक शादी समारोह के दौरान मारपीट के बाद दोन गांव निवासी इरशाद अली की उंगली में गोली मार दी थी।

## आपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने बरामद किया बैग

**सिवान।** आपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने एक यात्री का बैग बरामद कर उसके सुपुर्द कर दिया। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 14674 के कोच संख्या बी टू में बर्थ संख्या 57, 58 पर एक बैग छूट गया है। उक्त गाड़ी के सिवान जंक्शन आगमन पर ड्यूटीरत हेड कांस्टेबल मनोज कुमार साह द्वारा उक्त बैग को उतारकर पोस्ट पर लाया गया। एक व्यक्ति दरौली थाना क्षेत्र के चकरी गांव निवासी गिरीश द्विवेदी पोस्ट पर उपस्थित हुए। बताया कि उक्त बैग मेरा हैं, उक्त गाड़ी से मैरवा स्टेशन पर उतरने के दौरान मेरा एक बैग छूट गया। उक्त व्यक्ति द्वारा स्वहस्ताक्षरित आधार कार्ड व यात्रा संबंधित टिकट की छायाप्रति प्रस्तुत करने व मिलान करने पर सही पाए जाने के उपरांत सहायक उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार पांडेय द्वारा उक्त गिरीश द्विवेदी को सुपुर्द किया गया। यात्री सामान की कीमत आठ हजार रुपया थी।

## आरपीएफ ने 12 लोगों को पकड़ कर की कार्रवाई

**सिवान।** आरपीएफ ने अलग-अलग मामले में कार्रवाई करते हुए 12 लोगों को जंक्शन से पकड़ा है। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि रविवार को उप निरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल धर्म प्रकाश मिश्र, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार साह, कांस्टेबल उपेंद्र कुमार सिंह व कांस्टेबल आबिद अली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर निगरानी कर रहे थे इसी दौरान महिला सुरक्षा के तहत गाड़ी संख्या 55102 के महिला आरक्षित कोच में अवैध रूप से बैठ कर यात्रा करते हुए कुल तीन लोगों पकड़ा गया। पकड़े गए लोगों में मुबारक हुसैन, धर्मेंद्र कुमार व कैलाश कुमार शामिल थे। इसके बाद प्लेटफार्म संख्या एक के पश्चिम छोर पर छह लोगों क्रमशः आशुतोष कुमार, पंकज कुमार, विशाल यादव, अंकित कुमार, अजय शाह व राजवीर को पकड़ा गया। जबकि तीन लोगों को अन्य कारणों से पकड़ा गया। उनमें हरे राम कुमार, अनिल कुमार व अमित कुमार शर्मा शामिल थे।

## भूमि विवाद में चाकू मारकर युवक को किया घायल, आरोपित गिरफ्तार

**सिवान।** लकड़ीनबीगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर एक युवक को चाकू मारकर घायल कर देने का मामला प्रकाश में आया है। घायल युवक को स्वजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक की पहचान उक्त गांव निवासी निकेश कुमार पांडेय के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लकड़ीनबीगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी मनोज पांडेय का पुत्र अंजना कुमार है। इंटरनेट मीडिया सेल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सूचना दी गई कि लकड़ीनबीगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में भूमि विवाद को लेकर चाकूबाजी की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त अंजना कुमार को मौके से गिरफ्तार किया गया।

## सड़क किनारे से शव बरामद

**सिवान** – महादेवा थाना क्षेत्र के झुनापुर गांव स्थित हाईवे पर सोमवार को सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया। शव की जांच कर पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। हालांकि देर शाम तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस व्यक्ति की मौत हुई है वह हमेशा हाईवे के आसपास ही रहता था। सोमवार की दोपहर उसका शव सड़क किनारे पाया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हुई है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि एक लावारिस व्यक्ति का शव बरामद किया गया है, उसकी पहचान नहीं हो पाई है। शव पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## मारपीट में युवती घायल

**सिसवन (सिवान)** – थाना क्षेत्र के बघौना गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना में एक युवती घायल हो गई। घायल युवती बघौना निवासी कन्हैया सिंह की पुत्री सपना कुमारी है। उसका इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया।

## मारपीट महिला घायल

**सिसवन (सिवान)** – थाना क्षेत्र के नवलपुर में आपसी विवाद में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला नवलपुर निवासी ओसिहर यादव की पत्नी रविता देवी है। उसका इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया।

## मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार

**दारौंदा (सिवान)** – थाना की पुलिस ने मारपीट मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में जलालपुर निवासी रजनीश कुमार महतो, मनीष महतो एवं आशीष महतो शामिल हैं। वहीं मड़सरा में शराब पीने के आरोप में जाकिर हुसैन को पुलिस गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय भेज दिया।

## दिल्ली पुलिस ने स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के लिए 'नयी दिशा' पहल शुरू की

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या कम करने और स्कूल न जाने वाले बच्चों को शिक्षा प्रणाली में वापस लाने के मकसद से 'नई दिशा - ए पाथ बैक टू लर्निंग' नाम से नई पहल शुरू की है। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल के तहत पुलिस कर्मी उन बच्चों के घर जा रहे हैं जो स्कूल छोड़ चुके हैं। पुलिस कर्मी उनके घर जाकर बच्चों एवं उनके परिवार से सीधे संपर्क कर रहे हैं, ताकि स्कूल छोड़ने के कारणों का पता लगाया जा सके और उन्हें फिर से अपनी पढ़ाई शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम दिल्ली पुलिस की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर बच्चे को शिक्षा का दूसरा मौका दिया जाए। डीसीपी (ईस्ट) अभिषेक धानिया ने कहा, ''यह कदम सिर्फ कानून लागू करने से कहीं ज्यादा है। यह मार्गदर्शन और विश्वास बनाने के बारे में है। पुलिस अधिकारी स्थानीय स्कूलों, गैर सरकारी संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ कॉर्डिनेट कर विभिन्न प्रकार की सहायता सेवाएं प्रदान कर रहे हैं - जिनमें दाखिले की सुविधा से लेकर इमोशनल काउंसलिंग और शैक्षणिक सहायता प्रदान करना शामिल है। डीसीपी ने बताया कि आर्थिक तंगी, घरेलू समस्याओं या व्यक्तिगत असफलताओं के कारण स्कूल छोड़ चुके कई छात्र अब कक्षाओं में वापस लौटने लगे हैं।

# लालू प्रसाद यादव सामाजिक न्याय का योद्धा

**नीरज कुमार/दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** डॉ. लोहिया ने नारा दिया था %पिछड़े पावें सौ में साठ% । इस नारे को मुख्यमंत्री बनकर कर्पूरी ठाकुर ने आगे बढ़ाया लेकिन मुख्यमंत्री बनकर लालू प्रसाद यादव ने इसे जमीन पर उतारा। जिस समय लालू प्रसाद सामाजिक न्याय के सिद्धांत को जमीन पर उतार रहे थे वह समय भारी कट्टर जातिवादी समाज का दौर था। लालू प्रसाद का जबरदस्त विरोध हुआ, गालियां दी गई, पुतला जलाया गया और उनका मुर्दाबाद व मजाक बनाते हुये सड़को पर उनके पुतले के साथ जुलूस भी निकाले गए। इसके बावजूद लालू प्रसाद असीम धैर्य धारण किये हुए थे। लालू जी मानते थे कि मैं जिस जाति और समाज के लिए काम कर रहा हूँ, उसने सदियों से गालियां खाई है अपमान सहा है। जाती के नाम पर कितने ही जुल्म सहे हैं। अतः मुझे इन गालियों को सुनने का साहस व अभ्यास है, परंतु गाली देने वाली जमात को केवल गाली देने और लाठी मारने का अभ्यास है, लाठी खाने व गाली खाने का अभ्यास नहीं है। अतः मैं उनके अभ्यास को यथावत रखूंगा। मुख्यमंत्री के रूप में यह लालू प्रसाद का बड़प्पन था और एक अर्थ में गांधी जी के घृणामुक्त बदलाव की प्रक्रिया की प्रतिध्वनि थी। डॉ. लोहिया ने भारत माता से जिस विशालता की चाह की उस मानसिक विशालता का प्रदर्शन लालू प्रसाद ने किया था। वे सारा जहर पीकर गले में रखकर शिव जैसे



नीलकंठ बन गए थे। लालू प्रसाद के संघर्ष और अपमान सहने की वो ताकत ही थी कि दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों की स्थिति में सुधार हुआ और वे राजनीति से लेकर प्रशासन तक में आगे आएं।

लालू प्रसाद जन संघर्ष, जन सहयोग, जनधन व आमजन के सहयोग से सत्ता में आये थे और उन्होंने आमजन के लिए काम किया। गरीबों के ऊपर होने वाले किसी भी अन्याय की सूचना सबसे पहले उनके पास पहुंचती थी क्योंकि गरीब यह मानता था कि यह व्यक्ति हमारा अपना है। हमारी पीड़ा को सुनकर हमारा साथ देगा, हमें धोखा नहीं देगा, हमारी पीड़ा को बेचेगा नहीं हमारे दुःख में हमारा सहभागी रहेगा। लालू प्रसाद की कृतियों को लिखना आसान काम नहीं है। राजनैतिक और सामाजिक स्तर पर जो काम उन्होंने किया, बिहार क्या, पूरे हिंदुस्तान में ऐसी मिसाल बहुत कम ही मिल सकती है।

बिहार कर्मयोगियों की भूमि रही है। बुद्ध, महावीर, चंद्रगुप्त, अशोक, गुरुगोविंद सिंह और शेरशाह सूरी की कृतियों से गौरान्वित बिहार के शानदार इतिहास को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और जयप्रकाश नारायण की कर्मभूमि होने का भी गौरव प्राप्त है। उसी श्रृंखला को कर्पूरी ठाकुर और बाद में लालू प्रसाद यादव जैसे सपूतों ने आगे बढ़ाया। आने वाली नस्लें उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित और एक सभ्य सेक्युलर समाज बनाने की कोशिश में उनके योगदान को बिहार और हिंदुस्तान का इतिहास कभी भूला नहीं सकेगा।

## 50 हजार रुपया को ले शुभम सोनी उर्फ बटला को दोस्त ने ही मारी गोली

**परवेज अख्तर/सीवान।** नगर थाना क्षेत्र के सोनार पट्टी मोहल्ले में रविवार की देर रात 50 हजार रुपया को लेकर एक दोस्त ने दूसरे दोस्त को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल को स्वजनों ने स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने स्थिति गंभीर को देखकर पटना रेफर कर दिया। हालांकि स्वजन शहर के किसी निजी अस्पताल में घायल का इलाज करा रहे हैं। घायल की पहचान सोनार टोली निवासी शुभम सोनी उर्फ बटला के रूप में हुई है। गोली की आवाज से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। वहीं गोली मारने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार हमलावर ने एक वर्ष पूर्व शुभम से 50 हजार रुपये उधार लिए थे। इधर घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार एक वर्ष पूर्व शुभम सोनी ने अपने मित्र सह पड़ोसी पीयूष सोनी को 50 हजार रुपया उधार दिया था। उधार के रुपये लेने के लिए बार-बार दोनों के बीच तू तू मैं मैं हो रही थी। रविवार की देर रात शुभम अपने दोस्त पीयूष से बकाया को लेकर दबाव बनाने लगा। इस दौरान दोनों के बीच मारपीट भी हुई। तभी पीयूष ने अवैध पिस्टल से शुभम को गोली मार दी। गोली शुभम के गर्दन पर लगी है। लहूलुहान स्थिति में स्वजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से बेहतर उपचार के लिए निजी अस्पताल में परिजन लेकर चले गए। मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि 11 मई की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे नगर थाना क्षेत्र के सोनारपट्टी में गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु नगर थाना की पुलिस द्वारा सोनारपट्टी पहुंच कर मामले की जांच की तो ज्ञात हुआ कि सोनारपट्टी के शुभम सोनी एवं पीयूष सोनी के बीच पैसे की लेन देन को लेकर विवाद हुआ।

### पथराव के बाद भाजपा का शिष्टमंडल पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**दैनिक खोज खबर बड़हरिया (सिवान)** – थानां क्षेत्र के छक्का टोला में रविवार को परिछावन के दौरान दो पक्षों के विवाद में हुई मारपीट की घटना के बाद सोमवार को भाजपा का शिष्टमंडल छक्का टोला पहुंच पीड़ित परिवार से मिला तथा न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। शिष्टमंडल में भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, अनुरंजन मिश्रा, चंद्र विजय प्रकाश उर्फ हैप्पी, भाजपा नेता नंदजी चौहान सहित अन्य लोग शामिल थे। भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी ने घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जो भी यह कृत्य काम किया है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उसको किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इस घटना पीएमसीएच रेफर होने वाले घायलों की इलाज की भी व्यवस्था की जा रही है। पीड़ित परिवार को शांति बनाए रखने को कहा। वही चंद्र विजय प्रकाश उर्फ हैप्पी यादव ने कहा कि आप सभी को प्रशासन से हर संभव मदद दिलाया जाएगा तथा साजिशकर्ताओं के विरुद्ध प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि घायल सुरेंद्र भारती, नैना देवी और सृष्टि कुमारी की विशेष इलाज की जरूरत है। उन्हें इलाज की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, मनोज कुमार कुशवाहा, धर्मेंद्र सिंह पटेल, मनोरंजन मिश्रा, वीरेंद्र साह, बाबूलाल प्रसाद, जयप्रकाश गौतम आदि शामिल थे।

## खेल कोटे से नौकरी योगदान कर लौटी खिलाड़ी खुशबू का भव्य स्वागत



**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सिवान)।** । रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी खुशबू कुमारी का बिहार सरकार का उत्कृष्ट खिलाड़ी खेला योजना के तहत सचिवालय संवर्ग में निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर हुआ है। बताते चलें कि खूशबू मैरवा प्रखंड स्थित मैदनीयां गांव की निवासी है तथा रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी की गैर आवासीय प्रशिक्षु हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच संजय पाठक तथा माता पिता को दी है।खुशबू नालंदा समाहरणालय में पिछले सप्ताह योगदान कर जब 12 मई को अपने खेल मैदान रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी में लौटी तो एकेडमी के खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स एकेडमी के पदाधिकारीयों एवं खिलाड़ियों ने खुशबू एवं उनके पिता अजय शर्मा को अंग वस्त्र,फुल माला एवं मिठाई खिला कर स्वागत किया।इस अवसर पर एकेडमी के निदेशक संजय पाठक ने बताया कि खुशबू शुरू से हीं मेधावी खिलाड़ी रही है। वह एशियन जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप लेबनान में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अनेकों बार बिहार की कप्तान रह चुकी है। उन्होंने बिहार को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक भी दिला चुकी है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं स्वीप कोषांग सिवान की आईकान खुशबू कुमारी, सलमा खातून, रंजीत लकड़ा विवेक कुमार सिंह, सहित पांच दर्जन खिलाड़ी उपस्थित थे।खेल कोटे से नौकरी प्राप्त करने पर आई एम ए सिवान के अध्यक्ष डॉ शशि भूषण सिंहा , सचिव डॉक्टर शरद चौधरी, डॉ संगीता चौधरी , डॉक्टर रिता सिंहा, डॉक्टर राम इकबाल प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर सत्य प्रकाश, डॉ अशोक कुमार, डॉ आरती रानी पांडेय , डॉक्टर रामजी चौधरी, डॉ आर एन ओझा आर एल बी एस ए फाउंडेशन के निदेशक राजीव लोचन मिश्रा सहित कई अन्य लोगों ने खूशबू को बधाई दी है।

## साइड लेने के विवाद में दो गुटों के बीच पत्थरबाजी, कई घायल

### वरीय पदाधिकारियों ने घटना का जायजा

**हुसैनगंज(सिवान)** –थाना क्षेत्र के एसएच 89 सिवान-सिसवन मुख्य मार्ग पर कुतुब छपरा मोड़ के समीप सोमवार की दोपहर साइड लेने के विवाद में दो गुटों के बीच हुई पत्थरबाजी में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ, एसडीएम सुनील कुमार ने पूरे घटनाक्रम का जायजा लिया एवं पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड में रहने का आदेश दिया ताकि दोबारा ऐसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो सके। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि गोपालपुर की ओर से उत्तर दिशा में एक चार पहिया एवं एक बाइक चालक अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी बीच साइड लेने के विवाद में दोनों युवक आपस में उलझ गए। इससे एक युवक का मुंह पर चोट लगने से घायल हो गया। गौरतलब है कि दोनों युवक कुतुब छपरा के ही रहने वाले हैं। ऐसे में देखते ही देखते दोनों गुटों से दर्जनों लोग इकट्ठा हो गए और ईंट से पथराव करने लगे। इससे अफरातफरी का माहौल कायम हो गया तथा कुछ क्षण के लिए यातायात बाधित हो गया। इस घटना में कई लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। साथ ही चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। मौके पर सीओ दिव्य प्रकाश के उपस्थिति में पुलिस कैंप कर रही है।

## विद्युत विभाग के कनीय अभियंता के साथ युवक ने किया दुर्व्यवहार, गिरफ्तार

### शराब के नशे में युवक ने किया था विवाद

**गुठनी(सिवान)** –प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्युत उपकेंद्र में 10 मई को एक युवक को बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता के साथ दुर्व्यवहार करना बहुत महंगा पड़ गया। इसकी सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और चितविसरांव निवासी अनुराग पासवान ( 35 ) को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच कराई। मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता द्वारा उक्त युवक के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। कनीय अभियंता ने आरोप लगाया है कि 10 मई की दोपहर विद्युत कार्यालय में अपने कर्मियों के साथ विभागीय रिपोर्ट बना रहे थे, तभी अचानक अनुराग पासवान अपने दो साथियों के साथ शराब के नशे में कार्यालय पहुंच मीटर से संबंधित बात को लेकर गाली गलौज करते हुए धक्का मुक्की करने लगा और जान से मारने की धमकी देने लगा। इस घटना की सूचना कर्मियों ने थानाध्यक्ष को दूरभाष पर दी। सूचना मिलते थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच युवक को गिरफ्तार कर लिया।

## सड़क दुर्घटना में घायल का इलाज के दौरान मौत

**सिवान।** एमएच नगर थाना क्षेत्र के तेलकथू गांव के समीप सात मई को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के क्रम में सोमवार की सुबह मौत हो गई। मृतक की पहचान एमएच नगर थाना क्षेत्र के लहेजी निवासी अरविंद तिवारी के रूप में हुई है। मौत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम कराया। इस मामले में मृतक के भाई सत्येंद्र तिवारी ने अपने फर्द बयान में बताया कि सात मई को मेरे बड़े भाई अरविंद तिवारी अपने स्कूटी से पूर्वी हरिहास स्थित एक स्कूल में पढ़ाने गई पत्नी पुष्पलता देवी को स्कूल से घर लाने जा रहे थे। इसी दौरान तेलकथू में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनके स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी थी। इसमें अरविंद तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल को सदर अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने स्थिति गंभीर को देखकर पटना रेफर कर दिया था। जहां इलाज के क्रम में सोमवार को मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव स्वजनों को सौंप दिया। मौत के बाद स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## दरौली स्नान करने गए किशोर की डूबने से मौत

**सिवान** – दरौली में स्नान करने गए एक किशोर की डूबने से सोमवार को मौत हो गई। किशोर के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान सराय थाना क्षेत्र के सहलौर गांव निवासी पवन शर्मा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सहलौर निवासी मोहन शर्मा की मां के निधन के बाद उनका परिवार 13वीं संस्कार के बाद गंगा स्नान के लिए दरौली गए थे। वहां स्नान करने के दौरान पवन और एक अन्य बच्चा गहरे पानी में चले गए। स्थानीय मछुआरों और गोताखोरों की मदद से एक बच्चे को सुरक्षित निकाल लिया गया लेकिन पवन को जब तक बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी अनुसार पवन असम के एक निजी स्कूल में कक्षा नौवीं का छात्र था और माता-पिता का इकलौता पुत्र था। दादी के निधन के कारण वह गांव आया था। उसके पिता असम में मजदूरी करते हैं।

## बोलेरो की चपेट में आने से भाकपा माले नेता की मौत, दूसरा घायल

### घटना के बाद गाड़ी छोड़कर चालक हुआ फरार

**दैनिक खोज खबर/आंदर (सिवान)** – हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिंगही गांव के समीप रविवार की बोलेरो की चपेट में आने एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। मृतक की पहचान असांव थाना क्षेत्र के महम्मदपुर निवासी सखीचंद राम (45) के रूप में हुई जबकि घायल गांव का ही रणविजय पासवान उर्फ गोबर (45) है जिसका सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं घटना के बाद बोलेरो चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो व क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर थाना ले गई।बताया जाता है कि महम्मदपुर निवासी सखीचंद राम एवं रणविजय पासवान उर्फ गोबर रविवार की रात हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरेयां गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। इस दौरान दोनों सिंगही गांव के समीप सड़क किनारे बाइक खड़ी कर फोन से बात करने लगे। इस दौरान सामने से तेज गति से आ रही बोलेरो अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे सखीचंद राम एवं रणविजय पासवान उर्फ गोबर दोनों घायल हो गए। घटना के बाद बोलेरो चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दरौली विधायक सत्यदेव राम, माले नेता ललन यादव, डा. धनकेश पासवान समेत अन्य ग्रामीण दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाए जहां चिकित्सक द्वारा सखीचंद राम को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि घायल का इलाज चल रहा है। इसके बाद पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम के बाद सखीचंद का शव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया है। सखीचंद राम को तीन पुत्री एवं दो पुत्र हैं। इसमें एक पुत्री की शादी हो चुकी है। फिलहाल चार अविवाहित हैं। वहीं सूचना पर पहुंची हुसैनगंज थाना की पुलिस ने घटनास्थल से बोलेरो व बाइक जब्त कर थाना लाई। बताया जाता है कि सखीचंद भाकपा माले नेता थे।

### दो बेटियों की डोली उठने से पहले पिता की उठी अर्थी-

असांव थाना क्षेत्र के महम्मदपुर निवासी सखीचंद राम की मौत की सूचना मिलते ही सोमवार की सुबह काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। बताया जाता है कि सखीचंद की बड़ी पुत्री नीलू देवी की शादी हो चुकी है और दो पुत्रियों की शादी तय हो चुकी थी। इसकी तैयारी चल रही थी। सखीचंद के छोटे भाई शंभू राम में बताया कि माझिल भतीजी लीलावती कुमारी का तिलक 22 मई व छोटी भतीजी करिश्मा कुमारी का तिलक 23 मई को था तथा दोनों की शादी 28 मई को थी। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थी, लेकिन इधर दोनों बेटियों की डोली उठने के पहले पिता की अर्थी उठ गई। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी रंभा देवी, पुत्र सूरज कुमार,छोटा पुत्र सुमित कुमार समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। आसपास के ग्रामीण स्वजों को ढाढ़स बंधा रहे थे। सखीचंद के शव का दाह संस्कार दरौली सरयू नदी घाट पर किया गया। इस मौके पर दरौली विधायक सत्यदेव राम, जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा, पूर्व विधायक अमरनाथ यादव, प्रखंड सचिव युगल किशोर ठाकुर, ललन यादव, जयराम गोंड़, मुखिया अमरनाथ राम, पूर्व मुखिया काशी चौधरी, विकास मित्र कृष्णा राम समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बरात में वीडियो बनाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, एक दर्जन घायल

### 14 ज्ञात व 40 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी, एक महिला सहित चार हिरासत में

**दैनिक खोज खबर/बड़हरिया (सिवान)** – थाना क्षेत्र छक्का टोला में परछावन के दौरान वीडियो बनाने के विवाद में हुई मारपीट में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इस मामले में पीड़ित पक्ष के सुदीश भारती ने थाना में आवेदन देकर राजू अंसारी, तनवीर अंसारी समेत 14 नामजद तथा 40 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। इस मामले में पुलिस ने एक महिला सहित चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सुदीश भारती ने आरोप लगाया गया है कि मेरे घर की महिलाएं रविवार की सुबह मटकोर की रस्म कर रही थीं। इस दौरान राजू अंसारी, तनवीर अंसारी सहित करीब डेढ़ दर्जन युवक वीडियो बनाने लगे। मना करने पर सभी मारपीट पर उतारू हो गए। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह समझा-बुझाकर शांत करा दिया गया। इसके बाद मेरे पुत्र की बरात जाने के दौरान महिलाएं परिछावन कर रहीं थी। इस दौरान भी उक्त लोगों द्वारा पुनः वीडियो बनाया जाने लगा। इसका विरोध करने पर उक्त लोगों द्वारा पथराव किया जाने लगा। इस दौरान महिला समेत करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में रंजन भारती और सुरेंद्र भारती की स्थिति गंभीर बता चिकित्सक द्वारा पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। अन्य लोगों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रूपेश कुमार वर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।